# नई दिल्ली में निर्माणाधीन उत्तराखंड निवास का मुख्यमंत्री धामी ने किया निरीक्षण

**निरीक्षण**

**इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा मार्ग में राज्य अतिथि गृह बनाने के भी निर्देश दिए।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में निर्माणाधीन ह्यउत्तराखण्ड निवासह्ण का शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता को बनाए रखते हुए माह जुलाई तक कार्य को पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा मार्ग में राज्य अतिथि गृह बनाने के भी निर्देश दिए।



उत्तराखण्ड निवास में पहाड़ी शैली की झलक देखने को मिलेगी। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान उत्तराखण्ड निवास के निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों से बातचीत भी की। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के साथ सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा, विशेष कार्याधिकारी रंजन मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मोदी के शपथ ग्रह समारोह में शामिल होंगे उत्तराखंड भाजपा के नेता

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
नरेन्द्र मोदी 9 जून को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले हैं।
शपथ ग्रहण समारोह में उत्तराखंड से कई भाजपा नेता शामिल होंगे।
भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कमलेश रमन ने शनिवार को बताया कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। उत्तराखंड भाजपा के वरिष्ठ नेता, विधायक, मंत्री समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

# केदारनाथ में यात्रियों को थार में घुमाया, मुख्य सचिव ने दिए जांच के आदेश

**नया विवाद**

**ये वाहन जरूरतमंदों के लिए है, लेकिन थार में आम यात्री यात्रा करते दिखे तो बवाल खड़ा हो गया।**



**गुप्तकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
केदारनाथ धाम में दिव्यांगों, असहाय लोगों और मरीजों की सहायता के लिए पहुंचाई गई थार गाड़ियों को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग थार से उतरकर मंदिर की तरफ जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद लोग इसको लेकर आपत्ति दर्ज करा रहे हैं। वहीं मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने मामले में जांच के आदेश दे दिए हैं।
हाल ही में केदारनाथ धाम में दो थार गाड़ी को हेलीकॉप्टर से पहुंचाया गया था। तब कहा गया था कि ये वाहन जरूरतमंदों के लिए है, लेकिन थार में आम यात्री यात्रा करते दिखे तो बवाल खड़ा हो गया। अब अधिकारियों ने जांच और कड़ी कार्रवाई की बात कही है।
मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा भेजे गए वाहन केवल दिव्यांग, असहाय और मरीजों को लाने और ले जाने के लिए हैं। ये सामान्य यात्रियों के लिए नहीं हैं। इस पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। जिस भी अधिकारी ने वाहन में सफर करने के लिए इन लोगों को इजाजत दी है, उसके खिलाफ जल्द ही सख्त कार्रवाई की जाएगी और सुनिश्चित किया जाएगा कि भविष्य में ऐसा न हो।

## न्यूज फ्लैश

### हेमकुंड गुरुद्वारे के मैनेजर ने रजिस्ट्रेशन कर्मचारी के साथ की मारपीट, केस दर्ज

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए यात्रियों का रजिस्ट्रेशन करने वाले एक कर्मचारी के साथ मारपीट की घटना हुई है। मामले में कर्मचारी ने हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा ऋषिकेश के मैनेजर के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया है।
ऋषिकेश कोतवाली उप निरीक्षक उत्तम रमोला ने बताया कि चारधाम यात्रा रजिस्ट्रेशन कार्य में लगे कर्मचारी जतिन कश्यप पुत्र बसंत कश्यप निवासी अमित ग्राम ऋषिकेश ने एक शिकायत दर्ज कराई है। इसमें जतिन ने बताया कि वह शनिवार को हेमकुंड साहिब की यात्रा के लिए यात्रियों का रजिस्ट्रेशन हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा ऋषिकेश के रजिस्ट्रेशन कार्यालय में सुबह 5 बजे से कर रहा था। सुबह 10 बजे खाना खाने के लिए जाने लगा कि तभी गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब ऋषिकेश का मैनेजर दर्शन सिंह वहां पर आए और उससे कहने लगे कि तुम कहां जा रहे हो, तुम यहीं पर अपना कार्य करो, तुम्हारा अधिकारी मेरा फोन नहीं उठाता है। इस पर उसने अपने उच्च अधिकारी का नंबर दिया, परंतु गुरुद्वारा के मैनेजर ने उसके साथ आक्रामक रुख अपनाते हुए मारपीट और उसे गुरुद्वारा से बाहर भगा दिया। पुलिस ने घायल जतिन को नजदीकी अस्पताल भेजा है। जतिन कश्यप और चारधाम यात्रा रजिस्ट्रेशन के परियोजना प्रभारी प्रेम अनंत की ओर से गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब ऋषिकेश के मैनेजर दर्शन सिंह के खिलाफ ऋषिकेश कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने उक्त शिकायत पर जांच प्रारंभ कर दी है।

### सेलखोला में जंगल में लगी आग

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पूर्वी पिंडर रेंज के सेलखोला में जंगल में अचानक आग लग गई। मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मियों ने पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया।
सेलखोला में कोठमी बेराधार जाने वाले पैदल रास्ता के पास बने टावर के पास जगल से शनिवार सुबह दस बजे अचानक धुआं उठते दिखाई दिया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। तेज हवा के चलते आग तेजी से फैलती गई। पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू बाद आग पर काबू पाया जा सका।
पूर्वी पिंडर रेंज देवाल के रेंजर हरीश थपलियाल ने बताया कि सेलखोला के जगल में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का आरोपित आठ साल बाद गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आठ वर्षों से फरार आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित पर 50 हजार का ईनाम भी घोषित कर रख रखा था।
जानकारी के मुताबिक 13 जनवरी 2013 को जनपद के बुग्गवाला थाना क्षेत्र निवासी रियाजुल पुत्र फजूल अहमद ने नाबालिग बहन को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में सन्दीप गिरी पुत्र राजेन्द्र गिरी निवासी ग्राम रामपुरवा थाना मुफसील जिला बेतिया बिहार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस जांच में पता चला कि आरोपित रोजगार की तलाश में हरिद्वार आया था और वर्ष 2015-16 में बंदरजूड़ आईटीआई भवन के निर्माण कार्य में काम करता था।
आरोपित गिरफ्तारी के डर से फरार होकर नेपाल चला गया। न्यायालय ने आरोपित के खिलाफ वारंट जारी किया था। पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल ने 14 दिसम्बर 2022 को आरोपित पर 50 हजार रुपये का ईनाम भी घोषित किया था। इस बीच पुलिस टीम को आरोपित के उत्तराखण्ड आने की सूचना मिली। पुलिस ने आरोपित को शनिवार को रुड़की रेलेवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया।

# ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली घड़ियां बेच पर केस दर्ज

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
रुड़की में ब्रांडेड कंपनी के नाम से एक दुकानदार नकली घड़ियां बेच रहा था। कंपनी के कर्मचारियों ने पुलिस टीम के साथ मिलकर दुकान पर छापा मारा। हालांकि इस दौरान आरोपित दुकान का मालिक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।
टाइटन कंपनी के कर्मचारियों को सूचना मिली थी कि रुड़की में बीटी गंज में एक दुकानदार उनकी कंपनी के नाम से नकली घड़ियों की बिक्री की रहा है। इस पर कंपनी के कर्मचारियों ने थाना गंगनहर पुलिस को सूचना दी।
गंगनहर पुलिस की सहायता से कंपनी की टीम ने थाना क्षेत्र के बीटी गंज में सोनू टाइम सेंटर दुकान में छापामारी की। छापामारी में दुकान का मालिक मौके से फरार हो गया। दुकान को चेंकिंग करने पर दुकान से विभिन्न कंपनी की नकली घड़ियां बरामद हुई। कंपनी के कर्मचारियों की तहरीर पर कॉपीराइट एक्ट के तहत दुकान मालिक परमजीत सिंह निवासी रामनगर गली नंबर पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# उत्तराखंड में बारिश के आसार नहीं, चटख धूप ने बढ़ाई गर्मी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में जून महीने की शुरूआत झोंकेदार हवाओं और बारिश के साथ हुई थी, लेकिन अब गर्मी फिर सताने लगी है। शुष्क मौसम में तपिश बढ़ने लगी है। अधिकतम तापमान में भी वृद्धि दर्ज की गई है। दून समेत ज्यादातर मैदानी क्षेत्रों में अगले कुछ दिन बारिश के आसार नहीं हैं और चटख धूप के कारण गर्मी बेहाल कर सकती है।
मौसम शुष्क होने और ज्यादातर क्षेत्रों में चटख धूप खिलने से तापमान भी चढ़ने लगा है। हालांकि, न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई है, जिससे पहाड़ों में सुबह-शाम मौसम सुहावना हो रहा है। दिन में चटख धूप के कारण तपिश बढ़ गई है।




मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह के अनुसार निचले इलाकों में झोंकेदार हवा चलने की आशंका है। मैदानी क्षेत्रों में मौसम शुष्क बना रहेगा और तापमान सामान्य से अधिक रह सकता है। दून समेत ज्यादातर मैदानी क्षेत्रों में अगले कुछ दिन बारिश के आसार नहीं हैं और चटख धूप के कारण गर्मी बेहाल कर सकती है। साथ ही हीटवेव को लेकर लोगों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। बढ़ते तापमान व वनाग्नि के दृष्टिगत मौसम विभाग ने शासन-प्रशासन को अलर्ट रहने के संकेत दिए हैं। मौसम विभाग का पूवार्नुमान है कि 11 जून तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। सभी जिलों में चटख धूप खिलने के कारण मैदान से लेकर पहाड़ तक गर्मी और परेशान कर सकती है।
इस बार उत्तराखंड में मानसून कुछ देरी से आएगा। 25 जून तक मानसून के उत्तराखंड पहुंचने की संभावना है। उससे पहले प्रदेश भर में तापमान में वृद्धि की संभावना है। इस बार मानसून में सामान्य से 10 फीसदी अधिक बारिश होने की संभावना भी है।

# बुरूक्क इंडिया पशु चिकित्सा की टीम घोड़े-खच्चरों की कर रही निशुल्क जांच

**निशुल्क जांच**

**केदारनाथ यात्रा मार्ग पर संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों के लिए गौरीकुंड में निशुल्क जांच की जा रही है।**

**गुप्तकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों के लिए गौरीकुंड में निशुल्क जांच की जा रही है। धाम के मुख्य पड़ाव गौरीकुंड में बुरूक्क इंडिया पशु चिकित्सा की टीम घोड़े-खच्चरों की निशुल्क जांच कर उनका इलाज कर रही है। अब तक लाखों धोड़े-खच्चरों की जांच करने के साथ इलाज का कार्य बुरूक्क चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया है।
बुरूक्क इंडिया पशु चिकित्सा के डॉक्टर पंकज गुप्ता ने बताया कि केदारनाथ धाम के मुख्य पड़ाव गौरीकुंड से ही बाबा केदारनाथ की यात्रा शुरू होती है। यहीं से कई श्रद्धालु घोड़े-खच्चरों पर सवार होते हैं। उन्होंने कहा कि बरूक्क इंडिया पशु चिकित्सा द्वारा गौरीकुंड में घोड़े-खच्चरों की निशुल्क जांच और इलाज के लिए शिविर लगाया गया है। शिविर में घोड़े-खच्चरों की जांच की रही है। साथ ही जिस भी घोड़े-खच्चर की तबियत खराब हो रही है तो बुरूक्क इंडिया पशु चिकित्सा के चिकित्सकों द्वारा उन घोड़े-खच्चरों की जांच करके उन्हें निशुल्क दवाइयां दी जा रही है। उन्होंने कहा कि अब तक उनकी टीम ने बाबा केदारनाथ धाम में लाखों घोड़े-खच्चरों की जांच कर इलाज किया है। उन्होंने कहा कि यह शिविर आगे भी जारी रहेगा।

## ऊखीमठ नगर पंचायत ने चलाया स्वच्छता अभियान

**गुप्तकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
ऊखीमठ नगर पंचायत ने चोपता क्षेत्र के बाजार एवं सुरम्य मखमली बुग्यालों में स्वच्छता अभियान चलाया है। यह अभियान नगर पंचायत ऊखीमठ के अधिशासी अधिकारी भारत भूषण पंवार के नेतृत्व में चलाया गया। इस अभियान में पर्यटक, स्थानीय जनता, नगर पंचायत के कर्मचारी एवं पर्यावरण मित्रों ने भाग लिया। सभी ने क्षेत्र में सफाई कर 40 कट्टे कूड़े का संग्रहण किया। इस कूड़े का प्रबंधन करने के लिए ऊखीमठ स्थित मेटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर लाया गया।

# उत्तरी हरिद्वार में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर, भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
यात्रा सीजन में उत्तरी हरिद्वार में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर तथा कीटनाशक दवाओं का नियमित छिड़काव न होने से आक्रोषित भाजपा कार्यकताओं ने शनिवार को प्रदर्शन किया।
कार्यकताओं ने भाजपा पार्षद दल के उपनेता रहे अनिरुद्ध भाटी के नेतृत्व में प्रदर्शन कर सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने की मांग की।भाजपा नेता अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि उत्तरी हरिद्वार के सभी वार्डों में सैकड़ों की संख्या में आश्रम, धर्मशाला व होटल स्थित हैं। जिस कारण प्रतिदिन लाखों तीर्थ यात्री व श्रद्धालु निवास के लिए यहां आते हैं, जिस कारण जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं।

**कूड़े के ढेर**

**लाखों तीर्थ यात्री व श्रद्धालु निवास के लिए यहां आते हैं, जिस कारण जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं।**

मुखिया गली, आदर्श नगर, शेर गली, पावन धाम मार्ग, दुर्गानगर, त्यागी आश्रम वाली गली, स्वतः मुनि उदासीन आश्रम वाली गली, कैलाश गली तथा सप्त सरोवर, शिवनगर, गायत्री विहार, सत्यम विहार, दुधियाबंध, रानी गली, भीमगोडा, नई बस्ती, रामगढ़, खड़खड़ी व भूपतवाला में कूड़े का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। उतरी हरिद्वार में तीर्थ यात्रियों की भारी आमद के चलते सफाई कर्मियों व कूड़ा वाहनों की संख्या में वृद्धि अत्यंत आवश्यक है।

# स्मैक के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार, नकदी बरामद

**गिरफ्तार**

**बागजला गौलापार से शकीला उर्फ चच्ची नाम से मशहूर स्मैक तस्कर महिला को गिरफ्तार किया।**

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस और एसओजी की टीम के हाथ बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने बागजला की मशहूर शकीला उर्फ चच्ची को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 49 ग्राम स्मैक व हजारों की नकदी बरामद की गई है।



काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान बागजला गौलापार से शकीला उर्फ चच्ची नाम से मशहूर स्मैक तस्कर महिला को गिरफ्तार किया। महिला के पास से 49 ग्राम स्मैक बरामद की गई। साथ ही उसके पास से 10450 रुपये की नकदी भी बरामद की गई है।

# आईएमए में अंतिम पग भरते ही 355 युवा भारतीय सेना का बने हिस्सा

**सलामी**

**-मित्र देशों के 39 विदेशी कैडेट भी पास आउट, जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने ली सलामी**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में अंतिम पग भरते ही शनिवार को 355 युवा भारतीय सेना का हिस्सा बन गए। इनके साथ ही मित्र देशों के 39 विदेशी कैडेट भी पास आउट हुए। उत्तरी कमांड के जीओसी ले. जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने पासिंग आउटपरेड की सलामी ली। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों को अप्रत्याशित चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा।



कैडेट ने शनिवार सुबह आईएमए के चेडवुड ड्रिल स्क्वायर से कसम लेकर कदम ताल करते हुए विजय धुन पर परेड मार्च किया। उत्तरी कमांड के जीओसी ले. जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार बतौर रिव्यूइंग ऑफिसर परेड का निरीक्षण किया। इस मौके पर सेना के हेलीकॉप्टरों से पुष्प वर्षा की गई। दर्शक दीर्घा में बैठे परिजन उनकी हौसला अफजाई के लिए मौजूद रहे। इन कैडेट ने आईएमए से अंतिम पग भरने और कसम परेड के बाद सेना में बतौर लेफ्टिनेंट सेवा का पहला कदम बढ़ाया।आईएमए पीओपी में 154 वें नियमित और 137 वें तकनीकी ग्रेजुएट कोर्स के कुल 394 कैडेट्स और 39 विदेशी कैडेट अलग-अलग कोर से बतौर लेफ्टिनेंट देश-विदेश के मुख्यधारा में शामिल हो गए। भारतीय थल सेना को 355 कैडेट्स अफसर मिले हैं। 39 युवा सैन्य अधिकारी मित्र देशों के सेना के अभिन्न अंग बने। उल्लेखनीय है कि आईएमए एक अक्टूबर 1932 को अस्तित्व में आया था। पिछले 92 वर्ष में अकादमी ने प्रशिक्षण क्षमता 40 से 1650 जैंटलमैन कैडेट तक बढ़ा दी है। अब तक 65,628 जैंटलमैन कैडेट्स अकादमी से पास आउट हुए हैं। इनमें मित्र देशों के लिए 2,953 मित्र देशों के कैडेट्स भी शामिल हैं।



# खाई में गिरी कार, चार लोग घायल

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के जोशीमठ-मलारी मोटर मार्ग पर बीती रात तपोवन के पास एक कार अनियंत्रित होकर खाई गिर गई। दुर्घटना में वाहन में सवार चार लोग घायल हो गये। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोशीमठ में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। वर्चुअल थाना पुलिस के अनुसार जोशीमठ-मलारी मोटर मार्ग पर तपोवन के पास शुक्रवार की देर रात को एक स्विफ्ट कार (यूके 11 बी 2020) अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। कार में चार लोग सवार थे। चारों गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू अभियान चलाया



और घायलों को बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोशीमठ भेजा। घायलों गणेशपुर, जोशीमठ निवासी 21 वर्षीय प्रियंका पुत्री गोविंद सिंह पुंडीर, मेरग निवासी 16 वर्षीय अर्जून पुत्र विरेंद्र सिंह, गांधी नगर गांव निवासी 19 वर्षीय हिमांशु पुत्र किशन लाल और 19 वर्षीय अमन अरोड़ा पुत्र रिषिपाल शामिल हैं।

# राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने 'राजभवन मैत्री चैटबॉट' का किया लोकार्पण

**मैत्री चैटबॉट**

**▶▶ सिद्धार्थ माधव ने चैटबॉट के निर्माण एवं उपयोग संबंधी जानकारियां विस्तृत रूप से प्रस्तुत की।**



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने नैनीताल राजभवन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बौद्धिकता की तकनीक के प्रयोग से निर्मित ह्यराजभवन मैत्री चैटबॉटह्न का लोकार्पण किया।
इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि ह्यमैत्रीह्न केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं है, बल्कि यह एक माध्यम है जिसके द्वारा हम नवाचार को साकार करते हुए समाज के विभिन्न वर्गों तक ज्ञान और सहायता पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस चैटबॉट के माध्यम से हमारी भाषा और संस्कृति का सम्मान करते हुए उपयोगकर्ता अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पा सकेंगे और विभिन्न जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।इस अवसर पर मैत्री चैटबॉट के निर्माणकर्ता सिद्धार्थ माधव ने चैटबॉट के निर्माण एवं उपयोग संबंधी जानकारियां विस्तृत रूप से प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि मैत्री चैटबॉट एआई तकनीक से युक्त एक अभिनव प्रयास है जिसमें राज्यपाल के विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध रहेगी। इस चैटबॉट के माध्यम से उपयोगकर्ता प्रश्नोत्तरी के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पा सकेंगे और विभिन्न जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। यह चैटबॉट राजभवन की वेबसाइट पर विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध रहेगा।
इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति भदौरिया, जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनमोहन चौहान, कुमाऊं मंडलायुक्त दीपक रावत, डीआईजी डॉ. योगेंद्र रावत, उप जिलाधिकारी पीआर चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा, यूकॉस्ट के महानिदेशक डॉ. दुर्गेश पंत, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव व संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आईएमए परेड में एयूओ प्रवीण सिंह को मिला स्वार्ड ऑफ ऑनर अवॉर्ड

**परेड**

**▶▶ भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) की पासिंग आउट परेड में जांबाज सैन्य अफसरों ने भाग लिया।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) की शनिवार को पासिंग आउट परेड में जांबाज सैन्य अफसरों ने भाग लिया। परेड की समीक्षा करने के बाद लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र ने कहा कि हमारे देश के जांबाज सैन्य अफसरों को सम्मानित किया गया है। यह सम्मान विशिष्ट श्रेणियों में दिया गया है।
भारतीय सैन्य अकादमी की पासिंग आउट परेड में विशिष्ट कार्यों के लिए स्वॉर्ड ऑफ ऑनर का प्रतिष्ठित पुरस्कार एयूओ प्रवीण सिंह को प्रदान किया गया, जबकि ऑर्डर ऑफ मेरिट में प्रथम स्थान पर आने वाले अधिकारी कैडेट के लिए स्वर्ण पदक एयूओ प्रवीण सिंह को दिया गया। इसी क्रम में ऑर्डर ऑफ मेरिट में दूसरे स्थान पर आने वाले अधिकारी कैडेट के लिए रजत पदक एसीए मोहित कापरी को दिया गया। ऑर्डर ऑफ मेरिट में तीसरे स्थान पर आने वाले अधिकारी कैडेट के लिए कांस्य पदक बीयूओ शौर्य भट्ट को प्रदान किया गया। इसी क्रम में तकनीकी स्नातक पाठ्यक्रम से ऑर्डर ऑफ मेरिट में प्रथम स्थान पर आने वाले अधिकारी कैडेट के लिए रजत पदक ऑफिसर कैडेट विनय भंडारी को तथा विदेश से ऑर्डर ऑफ मेरिट में प्रथम स्थान पर आने वाले अधिकारी कैडेट के लिए बांग्लादेश पदक एफओसी मोहम्मद नूर कुतुबुल आलम, बांग्लादेश को प्रदान किया गया।

## मुख्यमंत्री धामी ने रामोजी राव के निधन पर जताया शोक

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक और ईनाडु ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन रामोजी राव के निधन पर दुख जताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक और ईटीवी नेटवर्क के प्रमुख रामोजी राव जी के निधन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ।ईश्वर से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मीडिया और मनोरंजन जगत के विकास में आपके द्वारा दिया गया योगदान अविस्मरणीय है।

# हरिद्वार कॉरिडोर को लेकर प्रमुख सचिव एवं जिलाधिकारी ने की संतों से चर्चा

**अभिनंदन**

**▶▶ उन्होंने प्रमुख सचिव एवं जिलाधिकारी को शॉल एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया**




**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड शासन के प्रमुख सचिव मीनाक्षी सुंदरम व हरिद्वार जिलाधिकारी धीरज गर्ब्याल ने अखाड़ों के श्री महंतों से हरिद्वार कॉरिडोर के संबंध में मुलाकात की। प्रमुख सचिव एवं जिलाधिकारी ने शनिवार को श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल कनखल पहुंचकर निर्मल पीठाधीश्वर श्री महंत ज्ञान देव सिंह महाराज एवं कोठारी महंत जसविंदर सिंह शास्त्री से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। दोनों अधिकारियों के साथ उत्तराखंड शासन के प्रमुख अधिकारियों का दल भी साथ था। प्रमुख सचिव एवं जिलाधिकारी ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित हरिद्वार कॉरिडोर के संबंध में श्री महंत ज्ञानदेव सिंह महाराज, कोठारी महंत जसविंदर सिंह शास्त्री के साथ व्यापक चर्चा की। श्री महंत ज्ञानदेव सिंह महाराज ने अधिकारियों को अखाड़े एवं संतों की राय से अवगत कराया। श्री महंत ज्ञानदेव सिंह ने तीर्थ नगरी हरिद्वार में यात्रा सीजन एवं विशेषकर स्नान पर्वों पर तीर्थ यात्रियों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर क्राउड मैनेजमेंट पर ध्यान देने की आवश्यकता बताई। हरिद्वार कॉरिडोर जैसी विशेष परियोजनाओं के संदर्भ में तीर्थनगरी के सभी समाज संत समाज, व्यापारी वर्ग, तीर्थ पुरोहित व सामाजिक कार्यकर्ता, स्ट्रीट वेंडर सभी से सर्वसम्मति की राय बनाकर इस योजना को क्रियान्वित करने की बात कही।
श्री महंत ज्ञानदेव सिंह ने कहा कि तीर्थ नगरी हरिद्वार के सौंदर्यीकरण के लिए ऐसी योजनाएं नितांत आवश्यक हैं, लेकिन उसमें किसी वर्ग का अहित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार सराहनीय काम कर रही है और संत समाज जनहित के कार्यों में सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।
कोठारी महंत जसविंदर सिंह शास्त्री ने दोनों अधिकारियों को अवगत कराया कि सरकार जो भी योजना प्रस्तावित अथवा क्रियान्वित करे, उसमें हरिद्वार के सभी वर्गों की सहमति, सुझाव और समर्थन अवश्य लें। उन्होंने प्रमुख सचिव एवं जिलाधिकारी को शॉल एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### ब्लड बैंक में हुई घटना को लेकर ब्लड बैंक प्रभारी ने लैब टेक्नीशियन से मांगा स्पष्टीकरण

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जिला ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ रविन्द्र चौहान ने बुधवार रात की घटना को लेकर ब्लड बैंक के दो लैब टेक्नीशियन से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही समय पर ड्यूटी आने के नियम का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार की रात ब्लड बैंक में देर से ड्यूटी पर पहुंचे उक्त दोनों लैब टेक्नीशियन ने बहादराबाद से अपनी मां के लिए खून लेने आए युवक नसीम को करीब डेढ़ घंटे तक खून नहीं दिया था। इससे गुस्साए युवक ने लैब के गेट पर लगे कांच पर हाथ मारकर अपने आप को घायल कर लिया था। युवक ने लैब टेक्नीशियन पर रात में देरी से आने, खून नहीं देने और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया था। इस मामले की सूचना सीएमओ कार्यालय तक पहुंचने के बाद रात को ही घायल युवक के भाई को बुलवाकर खून उपलब्ध कराया गया था। अब जिला ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. रविंद्र चौहान ने मामले में दो लैब टेक्नीशियनों उमेश सैनी और हरीश सेमवाल से घटनाक्रम को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है।

### चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हुई घटना की निष्पक्ष जांच हो : इरशाद अली

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन ने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हुए प्रकरण की निष्पक्ष जांच करने की मांग उठाई है। साथ ही चेतवानी दी कि सीआईएसएफ की महिला जवान के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए, अन्यथा किसान यूनियन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।
शनिवार को जमालपुर-जियापोता रोड स्थित भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन के राष्ट्रीय कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव इरशाद अली ने कहा कि चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर जो भी हुआ है उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि महिला जवान के साथ अन्याय नहीं किया जाना चाहिए।

### चम्पावत में 10 से 16 तक मनाया जाएगा जल उत्सव

**चम्पावत/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद के सभी विकासखंडों में 10 जून से 16 जून तक जल उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने शनिवार को दी।
मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जल संरक्षण और संवर्धन के लिए वृहत स्तर पर जनजागरूकता फैलाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिले में जल सरंक्षण और संवर्धन के लिए चम्पावत, लोहाघाट, पाटी तथा बारकोट ब्लाक में सरोवरों, तालाबों व जलाशयों के पुनरुद्धार आदि का कार्य किया जाएगा। इसके लिए ग्राम पंचायतस्तर पर नोडल अधिकारी नामित किए गए है, ताकि ऐसे जलाशय जो गतिशील अवस्था में नहीं हैं, उनके पुनरुद्धार को लेकर आवश्यक कार्य किया जा सके। साथ ही मिशन मोड पर जल सरंक्षण व संवर्धन के कार्यों की कवायद को तेजी से बढ़ाया जा सके।

### यूपी की जनसंख्या नीति का भाजपा नेता संजय गुप्ता ने किया समर्थन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने उत्तर प्रदेश की जनसंख्या नीति के मसौदे का समर्थन किया है। उन्होंने उत्तराखंड सरकार से भी इस दिशा में कार्य करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा होता है, तो प्रदेश के विकास की गाड़ी और तेजी से दौड़ेगी।
संजय गुप्ता ने शनिवार को एक बयान में कहा कि जो मसौदा यूपी राज्य विधि आयोग ने तैयार किया है, यदि यह लागू हो जाता है तो यह नियम उत्तर प्रदेश के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि जहां इस नियम से जनसंख्या पर नियंत्रण होगा, वहीं संसाधनों का दोहन भी कम होगा और लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा।
संजय गुप्ता ने कहा कि तैयार किए गए मसौदे में बहुत कुछ है। उत्तराखण्ड सरकार को भी इस मसौदे का अध्ययन कर इसे प्रदेश में लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की नीतियों को लागू करने से जहां रोजगार के संसाधन बढ़ेंगे, वहीं लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठेगा। लोगों को बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा।

## राम के सद्गुणों का आदर्श समाज के सम्मुख प्रस्तुत करना वाल्मीकि रामायण का उद्देश्यः वेदांती महाराज



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कथा व्यास डॉ रामविलास दास वेदांती महाराज ने कहा कि राम के सद्गुणों का उच्चतम आदर्श समाज के सम्मुख प्रस्तुत करना वाल्मीकि रामायण का प्रमुख उद्देश्य है। एक आदर्श पुत्र, आदर्श पति, भ्राता एवं आदर्श राजा, एक वचन, एक पत्नी, एक बाण जैसे व्रतों का निष्ठापूर्वक पालन करने वाले राम का चरित्र उकेरकर अहिंसा, दया, अध्ययन, सुस्वभाव, इंद्रिय दमन, मनोनिग्रह जैसे षट्घ्गुणों से युक्त आदर्श चरित्र की स्थापना रामकथा का मुख्य प्रयोजन है।
वशिष्ठ भवन धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में हरिद्वार के प्रेमनगर आश्रम में आयोजित वाल्मीकि रामायण कथा के तृतीय दिवस में कथा व्यास डॉ रामविलास दास वेदांती महाराज ने भगवान राम की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन किया।
उन्होंने भगवान शिव के काकभुशुण्डि के साथ ज्योतिषाचार्य बनकर भगवान राम के दर्शन करने, ब्रह्मर्षि विश्वामित्र के द्वारा राक्षसों के अंत के लिए राम को मांगने, दशरथ के इंकार, गुरू वशिष्ठ के द्वारा राम का वर्णन, विश्वामित्र के द्वारा राम लक्ष्मण को अस्त्र-शस्त्र की दीक्षा, अहिल्या उद्धार, ताड़का वध,राजा जनक के निमंत्रण पर जनकपुर पहुंचने की कथा का सुंदर चित्रण किया। उन्होंने अपनी दिव्य वाणी से त्रेता युग में अयोध्या में राम जन्मोत्सव को आज हरिद्वार के प्रेमनगर आश्रम में मनाया।
श्री अवधूत मंडल आश्रम बाबा हीरादास हनुमान मंदिर के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ स्वामी संतोषानंद देव महाराज ने शॉल एवं माला भेंटकर एवं अखंड अखाड़े के अध्यक्ष पं अधीर कौशिक ने कथा व्यास वेदांती महाराज का भगवान परशुराम की प्रतिमा, फरसा, अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में भवानी कला सांस्कृतिक कला ग्रुप के बाल कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन सुधीर शर्मा ने किया।

## ओशो आश्रम के समीप यमुना नदी में नहाते समय दो युवक डूबे

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
विकासनगर के ओशो आश्रम के समीप दो युवक शनिवार को यमुना नदी में नहाते समय डूब गए।
एडिशनल उपनिरीक्षक सुरेश तोमर ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम ने एक युवक को बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे युवक का पता नहीं चल पाया है।
मृतक की पहचान 19 वर्षीय मृणाल पुत्र सुरेंद्र कुमार निवासी इंदिरापुरम, गाजियाबाद के रूप में हुई है। एसडीआरएफ की टीम दूसरे युवक की तलाश कर रही है।

# अपहरण का आरोपित गिरफ्तार, अपर्हता बरामद

**गिरफ्तार**

**▶▶ पुलिस ने अपहरणकर्ता तुषार अरोरा (24) पुत्र यशपाल को हरियाणा के गुड़गांव से गिरफ्तार किया**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नगर कोतवाली पुलिस ने अपहरण के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से अपर्हता को सकुशल बरामद कर लिया है।
जानकारी के मुताबिक नगर कोतवाली में 13 मई को वेद प्रकाश पुत्र मुरारी लाल निवासी मनसा देवी सीढ़ी मार्ग जोगिया मंडी ने अपनी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की गंभीरत को देखते हुए पुलिस टीमों को गठन किया गया। पुलिस ने छानबीन करते हुए अपहरणकर्ता तुषार अरोरा (24) पुत्र यशपाल को हरियाणा के गुड़गांव से गिरफ्तार किया।
आरोपित गुड़गांव के शिवपुरी का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से अपहर्ता को भी सकुशल बरामद कर लिया है।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की 9 बाइक बरामद

**चेकिंग अभियान**

**▶▶ बाइक चोरी पर अंकुश लगाने के लिए रानीपुर कोतवाली पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
रानीपुर कोतवाली पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर चोरी की नौ बाइक बरामद की हैं।
जानकारी के मुताबिक क्षेत्र में बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए रानीपुर कोतवाली पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। इसी क्रम में पुलिस ने चेकिंग के दौरान बैरियर नम्बर 06 के पास से दो युवकों को चोरी की एक बाइक के साथ दबोच लिया। इसके बाद आरोपितों की निशांदेही पर रानीपुर, सिडकुल, हरिद्वार नगर तथा पानीपत (हरियाणा) से चुराकर ग्राम दादुपुर के खाली प्लॉट में झाड़ियों में छुपाकर रखी 08 बाइक और बरामद की। पकड़े गए दोनों आरोपित इसी वर्ष जनवरी के महीने में बाइक चोरी के सिलसिले में कोतवाली रानीपुर पुलिस द्वारा जेल भेजे गए थे। थोड़े समय पहले जमानत पर छूट कर बाहर आने के बाद फिर इनके द्वारा वही धंधा शुरू कर दिया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपना नाम दानिश उर्फ सोनू उम्र 21 वर्ष व आरिफ उम्र 21 वर्ष निवासी दादुपुर, गोविन्दपुर हरिद्वार बताया।

# शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग

**चेकिंग अभियान**

**▶▶ बाइक चोरी पर अंकुश लगाने के लिए रानीपुर कोतवाली पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चला रही है**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
शहर की बदहाल सफाई व्यवस्था, नालों की सफाई में देरी तथा वार्डों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव नहीं होने को लेकर भाजपा कार्यकताओं ने शनिवार को नगर आयुक्त वरुण चौधरी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में२ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की गई।
नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए भाजपा नेता सुनील अग्रवाल गुड्डू ने कहा कि नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 01 से वार्ड नं. 60 तक कूड़े के डोर टू डोर कलेक्शन व कूड़ा निस्तारण का कार्य कम्पनी को दिया गया है। विगत एक माह से कम्पनी द्वारा ना तो गली-मोहल्लों से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन नियमित रूप से किया जा रहा है ना ही सड़कों पर पड़े कूड़ें को हटाया जा रहा है। मानसून के दृष्टिगत युद्धस्तर पर नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ कराया जाना चाहिए।
भाजपा नेता अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि चारधाम यात्रा सीजन के चलते हरिद्वार शहर विशेषकर उत्तरी हरिद्वार में तीर्थयात्रियों का जन सैलाब उमड़ा हुआ है। जिस कारण जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कूड़ा निस्तारण को नियुक्त कम्पनी कूड़ा वाहनों की संख्या बढ़ाते हुये उनके फेरे भी बढ़ाए।
भाजपा नेता राजेष शर्मा व सचिन वेनीवाल ने कहा कि सभी छोटे-बड़े नालों की तली तक सफाई होना अत्यन्त आवश्यक है। साथ ही रात्रि काल में भी कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था होनी चाहिए।
न्गर आयुक्त ने कहा कि शीघ्र ही बड़े नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिये नगर निगम संसाधन बढ़ाने की व्यवस्था कर रहा है।

## कार्तिक स्वामी मंदिर में आयोजित पूजा संपन्न

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पोखरी विकासखंड के ग्राम पंचायत गंजेण में शनिवार को कार्तिक स्वामी मंदिर में आयोजित दो दिवसीय पूजा-अर्चना संपन्न हो गई। ग्रामीणों ने कार्तिक स्वामी की डोली को गंजेण गांव से क्रोंच पर्वत पहुंचाकर कार्तिक स्वामी मन्दिर में पूजा पाठ किया। आचार्य सुखदेव जोशी ने बताया कि गंजेण गांव में भगवान कार्तिकेय का मन्दिर है जहां ग्रामीणों ने गांव के सुख समृद्धि के लिए पूजा की और वहां से कार्तिक स्वामी की डोली को लेकर जनपद रूद्रप्रयाग में स्थित भगवान कार्तिकेय के मन्दिर पहुंचे और भ्रमण किया।

# तस्कर गिरफ्तार, 102 ग्राम स्मैक बरामद

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नगर कोतवाली पुलिस और एनडीटीएफ की संयुक्त टीम ने इंडस्ट्रियल एरिया बिजली घर के पास से एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 102 ग्राम स्मैक बरामद की गई है।
जानकारी के मुताबिक नगर कोतवाली पुलिस व एनडीटीएफ को स्मैक की तस्करी होने की सूचना मिली थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने रियास-ुद्दीन पुत्र अलाउद्दीन निवासी बांगरगंज हुसैन बाग, बरेली उत्तर प्रदेश को इंडस्ट्रियल एरिया बिजली घर के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से 102 ग्राम स्मैक बरामद की हुई। पूछताछ में उसने बताया कि वह बरेली से सस्ते दामों में स्मैक खरीदकर हरिद्वार के विभिन्न क्षेत्रों में बेचता है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



